हिम्मत ना हारिये,
प्रभु ना बिसारिये,
हँसते हँसाते हुए,
जीवन गुजारिये,
हिम्मत ना हारिए।।

तर्ज मेरी जो लाज है।

सुख दुःख आए जाए,
पर समय नहीं रुक पाए,
शाम के बाद सवेरा,
फिर नई राह दिखाये,
सच को स्वीकारिये,
प्रभु ना बिसारिये,
हँसते हँसाते हुए,
जीवन गुजारिये,
हिम्मत ना हारिए।।

जितनी मिले सफलता,
लेकिन कभी अहम ना करना,
असफलता अगर मिले तो,
प्रभु के प्रति वहम ना करना,
रिश्ते संवारिये,
प्रभु ना बिसारिये,
हँसते हँसाते हुए,

जीवन गुजारिये,
हिम्मत ना हारिए।।

ना चोट किसी को पहुंचे,
ना दिल तू किसी का दुखाना,
जो हारा हुआ हो 'मोहित',
उसका तू साथ निभाना,
नीयत सुधारिये,
प्रभु ना बिसारिये,
हँसते हँसाते हुए,
जीवन गुजारिये,
हिम्मत ना हारिए।।

हिम्मत ना हारिये,
प्रभु ना बिसारिये,
हँसते हँसाते हुए,
जीवन गुजारिये,
हिम्मत ना हारिए।।

Singer Amit Kalra Meetu

Source: https://www.bharattemples.com/himmat-na-hariye-prabhu-na-bisariye/

Bharat Temples

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw